आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 14.05.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया।
- प्रदेश में दो लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन किए।
- स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा— चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधांए उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से 34 श्रद्धालुओं का दल आदि कैलाश यात्रा के लिए रवाना।

**प्रधानमंत्री नामांकन**

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार नामांकन भरा। वाराणसी सातवें और अंतिम चरण में मतदान होगा। नामांकन से पहले प्रधानमंत्री ने गंगा में डुबकी लगाई, फिर काशी के कोतवाल कालभैरव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चन्द्रबाबू नायडू, एकनाथ शिंदे, जीतनराम मांझी, संजय निषाद, रामदास अठावले और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राजनाथ सिंह और हरदीप सिंह पुरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। वाराणसी से विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस के अजय राय, श्री मोदी के विरूद्ध चुनाव लड रहे हैं।

**नामांकन अंतिम दिन**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13—13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। शुक्रवार तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा।

**चारधाम यात्रा–आंकड़े**

चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखण्ड पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा दो लाख के पार पहुंच गया है। अब तक कुल दो लाख बारह हजार आठ सौ सतासी तीर्थयात्रियों ने चारों धामों में प्रवेश किया है। केदारनाथ धाम में एक लाख दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अब तक दर्शन किये हैं। वहीं, बदरीनाथ धाम के दर्शन करने वालों का आंकड़ा 29 हजार के पार हो गया है। गंगोत्री में 36 हजार छह सौ से अधिक और यमुनोत्री धाम में 43 हजार पांच सौ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की है।

**केदारनाथ यात्रा–समुचित सुविधांए**

केदारनाथ यात्रा का सुखद अनुभव तीर्थयात्रियों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने समुचित व्यवस्थांए की हैं। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक सभी व्यवस्थांए चाक–चौबंद की गई हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी का पर्याप्त प्रबंध किया गया है। इसके लिए सोनप्रयाग से यात्रा ट्रैक रूट पर 78 स्टैंड पोस्ट लगाए गए हैं और छह टैंक टाइप के स्टैंड पोस्ट भी स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त तीन स्थानों पर वाटर एटीएम की स्थापना भी की गई है। जिले की सीमा से लेकर सोनप्रयाग तक विभिन्न स्थानों पर 175 हैंड पम्प लगाए गए हैं। साथ ही घोड़े–खच्चरों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था के लिए गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव से केदारनाथ घोड़ा पड़ाव तक 39 चरहियां बनाई गई हैं। इसके साथ ही घोड़े–खच्चरों के लिए 13 स्थानों पर गर्म पानी का प्रबंध भी किया गया है। इसके अलावा, केदारनाथ यात्रा मार्ग पर शौचालय, बिजली और स्वास्थ्य सुविधांए भी बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

दर्शन

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आज केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। केदारनाथ धाम में सतपाल महाराज ने पुनःर्निमाण और विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से तीर्थयात्रा को और अधिक सुगम बनाने के लिए सुझाव मांगे। पर्यटन मंत्री ने बदरीनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि चारधाम तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधांए देना और सरल व सुगम दर्शन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

## रिकॉर्ड श्रद्धालु

उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर, पिछले दो दिनों में रिकॉर्ड भीड़ जुटने से दोनों धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए। आज भी यमुनोत्री में भीड़ है और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इससे धाम में खासा चहल–पहल देखने को मिल रही है। इधर, रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस–प्रशासन व्यवस्थाओं को बनाए रखने में कड़ी मशक्कत कर रहा है। यमुनोत्री में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने बैरियर और गेट सिस्टम लागू कर दिया है। वहीं, गंगोत्री धाम में संकरे मार्ग पर बड़ी बसों के फंसने से आज प्रशासन को काफी दिक्कत हुई। प्रशासन द्वारा अब उत्तरकाशी के रामलीला मैदान, हीना, भटवाड़ी, गंगनानी, सुक्की, झाला, हर्षिल और धराली से रुक–रुक कर वाहनों को छोड़ा जा रहा है, ताकि यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

## मुलाकात

स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर. राजेश कुमार ने कहा है कि चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधांए उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल यात्रा काल में 55 वर्ष से अधिक के लगभग साढ़े सात लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई थी। इस बार 50 वर्ष से ज्यादा उम्र के लोगों की अधिक से अधिक स्वास्थ्य जांच करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार यात्रा मार्ग पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है, जिनमे 44 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा में तैनात चिकित्सकों के साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ को एनएचएम के माध्यम से मानदेय की व्यवस्था को इस वर्ष भी जारी रखा गया है। सचिवालय में मुलाकात के लिए आए पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया–पी.एस.आर.आई के देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बातचीत में स्वास्थ्य सचिव ने यह बात कही। गौरतलब है कि पी.एस.आर.आई का उद्देश्य आपसी सहयोग से केंद्र व राज्य सरकारों के सकारात्मक समाचारों को आम जनता तक पहुंचाना है।

## आदि कैलाश यात्रा

पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा से लगे आदि कैलाश की यात्रा आज से आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित इस यात्रा का पहला दल आज पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से आदि कैलाश के लिए रवाना हुआ। पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले दल में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश से 34 यात्री शामिल है, जो आदि कैलाश के साथ ही लिपुलेख के पास स्थित ओम पर्वत के दर्शन करेंगे। आदि कैलाश यात्रा को लेकर यात्रियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

**गंगा सप्तमी**

गंगा सप्तमी के अवसर पर आज लाखों तीर्थयात्रियों ने हरिद्वार में गंगा स्नान किया। आज सुबह से ही हर की पैड़ी, ब्रह्म कुण्ड सहित अन्य गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा रही। गंगा सप्तमी को गंगा के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है।

**कूड़ा निस्तारण**

नई टिहरी नगर पालिका क्षेत्र में घर–घर कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों में जैविक और अजैविक कूड़ा एकत्रित करने वाले बॉक्स के अलावा एक अतिरिक्त बॉक्स लगाया जाएगा। इस बॉक्स में बायो मेडिकल और सेनेटरी वेस्ट एकत्रित किया जाएगा। दीनदयाल उपाध्याय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर पालिका ने एक सामाजिक संस्था के साथ मिलकर बायो मेडिकल और सेनेटरी वेस्ट के लिए अलग से व्यवस्था की है। इसके निस्तारण के लिए जिला अस्पताल सहयोग करेगा। बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए विरांगना सेना को गठन किया गया है जो बायो मेडिकल वेस्ट के बारे में नगर वासियों को जागरुक कर रही हैं। टिहरी के उपजिलाधिकारी व नगर पालिका प्रशासक संदीप कुमार ने बताया कि सामाजिक संस्था प्रज्ञा ट्रस्ट के सहयोग से यह काम किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि इस तरह कूड़ा एकत्रित करने से शहर की स्वच्छता बनी रहेगी और इससे जैव विविधता पर दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ेगा।

**सुधार**

देहरादून नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा है कि शहर में घर–घर कूड़ा उठाने वाली कंपनी द्वारा 80 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठाया जा रहा है। उन्होंने कूड़ा उठाने वाली कंपनी को अपने काम में और सुधार लाने को कहा है। मीडिया से बातचीत में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि राजधानी में डोर–टू–डोर कूड़ा उठान को लेकर आम जनता की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी को टर्मिनेशन का नोटिस दिया गया है और अगर कार्य प्रणाली में सुधार नहीं मिलता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**<u>नार्थ इंडिया कराटे चैंपियनि□ाप</u>**

ऋषिकेश स्थित उत्तराखंड कराटे अकादमी में 18 मई से दो दिवसीय दूसरी नार्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अकादमी के महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लगभग छह सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।